# मेले के माध्यम से स्वयं सहायता समूह के उत्पाद आमजन तक पहुंचेंगे : कलेक्टर

**बीकानेर,**(कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने मंगलवार को मसाला चौक में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित तिरंगे मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने मेले में राजीविका के स्वयं सहायता समूहों की स्टॉल्स का अवलोकन किया।

जिला कलेक्टर ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित मेले के माध्यम से स्वयं सहायता समूह के उत्पाद आमजन तक पहुंच सकेंगे। उन्होंने इन उत्पादों की सराहना करते हुए कहा कि हस्त निर्मित उत्पादों को अधिक से अधिक प्रोत्साहित किया जाए। इससे महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे। समय-समय पर ऐसे मेलों के आयोजन होने से महिलाओं को अपने हुनर दिखाने का अवसर मिलेगा।



**बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने मसाला चौक में फीता काटकर तिरंगा मेला का उद्घाटन किया।**

- **मेले में स्वयं सहायता समूह की स्टॉलों पर हस्त निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी बिक्री के लिए लगाई**

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर नगर उम्मेद सिंह रतनू सहायक निदेशक जनसंपर्क हरिशंकर आचार्य सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल.डी. पंवार, जिला परिषद के आईईसी कॉर्डिनेटर गोपाल जोशी, हरिओम पुरोहित, विजय किराडू, स्काउट के सीओ जसवंत सिंह राजपुरोहित, राजीविका के जिला प्रबंधक मणिशंकर हर्ष, गजेन्द्र सिंह राठौड़, कुंज बिहारी, देवेन्द्र शेखावत एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद थे। मेले में लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह की स्टॉल पर हस्त निर्मित राखियां लड्डू गोपाल के वस्त्र, कलश, गद्दी तथा पूजा थाली, बिग्गा दादा स्वयं सहायता समूह की स्टॉल पर हस्त निर्मित आचार, बिस्किट, कुर्ती तथा रोटी मेट एकता स्वयं सहायता समूह की स्टॉल पर मिर्च मसाला, नमकीन पापड़ तथा अचार, चेतना स्वयं सहायता समूह की स्टॉल पर हस्त निर्मित कुर्ती, कुशन कवर, साड़ी कवर तथा बैग दुपट्टा उपलब्ध ह

इसी प्रकार माजीसा स्वयं सहायता समूह की स्टॉल पर हस्त निर्मित दीवार घड़ी, झूला, पालना तथा सत्तू गुलाब, स्वयं सहायता समूह की स्टॉल पर हस्त निर्मित चप्पल एवं जूती रामदेव स्वयं सहायता समूह की स्टॉल पर हस्त निर्मित टैडी बीयर, पर्स तथा कुशन कवर श्री गणेश स्वयं सहायता समूह की स्टॉल पर हस्त निर्मित लेडिज बैग दुपट्टा तथा लहरिया राधेश्याम स्वयं सहायता समूह की स्टॉल पर झूमर, सजावटी थालियां, फोटो फ्रेम तथा दर्पण उपलब्ध हैं। मेले में प्रतिदिन सांय 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक स्टॉल पर बिक्री हेतु उत्पाद उपलब्ध रहेंगे।

**स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर रंगारंग कार्यक्रम :** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम रविन्द्र रंगमंच पर बुधवार सायं 5.30 बजे से आयोजित किया जायेगा। जिला प्रशासन, नगर विकास न्यास, सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय तथा मेलबर्न सीनियर सैकण्डरी स्कूल के समन्वय से आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शहर के विभिन्न विद्यालयों और कला संस्कृति से जुड़े संस्थानों के विद्यार्थी देशभक्ति गीत और नृत्यों पर आधारित प्रस्तुति देंगे।

कार्यक्रम का अंतिम पूर्व अभ्यास मंगलवार प्रातः आयोजित किया गया। जिसमें शहर की विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुतियों की रिहर्सल की गई। कार्यक्रम में देशभक्ति भावों से ओतप्रोत विभिन्न गीत, नृत्य, नाटिका एवं लोकगीत और लोकनृत्य का पूर्वाभ्यास किया गया

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने आमजन से कार्यकम में पहुंचकर विद्यार्थियों का हौंसला अफजाई करने की अपील की है।

## करोड़ों की लागत से बना पुल तीन साल में जर्जर

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। ग्रामीणों की दशकों पुरानी मांग के बाद सरदारपुरा खर्था-ठेठार के बीच घग्घर नदी पर तीन वर्ष पूर्व लोकार्पित घग्घर पुल की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं।

निकटवर्ती ठेठार व सरदारपुरा खर्था पंचायत को जोडने वाले इस पुल का लोकार्पण 27 अगस्त 2021 को समारोहपूर्वक किया गया था। लेकिन तीन वर्ष से भी कम अंतराल में ही पुल के सरिए निकलने लगे हैं तथा सड़क की कंक्रीट जगह-जगह से उखडने लगी है। जिससे वाहन चालकों के साथ हादसों का खतरा बना हुआ है। इसके बावजूद सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी ठेका फर्म पर ठोस कार्रवाई करने के स्थान पर केवल लीपापोती में लगे हुए हैं। इसको लेकर ग्रामीणों और वाहन चालकों में भारी रोष व्याप्त है।

गौरतलब है कि बारिश के मौसम के दौरान जब घग्घर नदी में पानी आने के दौरान ठेठार व सरदारपुरा खर्था गांवों का सम्पर्क आपस में कट जाता था। इस कारण ग्रामीणों सहित सूरतगढ़ थर्मल काम करने के लिए आने वाले लोगों को नावों से आवागमन करना पड़ता था।

इसके अलावा ठेठार, सोमासर, एटा सहित दर्जनों गांवों के लोगों को पीलीबंगा अथवा हनुमानगढ़ आने जाने वाहनों को सूरतगढ़ होकर 40 से 50 किमी. लम्बा रास्ता तय करना पड़ता था। इससे जहां समय अधिक लगता था।

## सार-समाचार

### कपास उत्पादन की जानकारी दी



**कपास उत्पादन के प्रबंधन पर जिला स्तरीय कार्यशाला को डॉ. कैलाश चौधरी ने संबोधित किया।**

**बीकानेर,**(कासं)। आत्मा सभागार में मंगलवार को कृषि विभाग द्वारा खाद्य एवं पोषण योजना अन्तर्गत कपास उत्पादन के प्रबन्धन पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजना किया गया। कार्यशाला संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) कैलाश चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। चौधरी ने बताया कि कपास की खड़ी फसल में किसान डीएपी का उपयोग ना करें। टेक्निकल सेशन में स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के शष्य वैज्ञानिक डॉ. अमर सिंह गोदारा व काजरी के शष्य वैज्ञानिक डॉ. विजय सिंह राठौड़ ने बीटी कपास उत्पादन के प्रबन्धन से संबंधित सभी बिन्दुओं जैसे बीज की उन्नत किस्में, सिंचाई, खाद एवं उर्वरक प्रबन्धन, खरपतवार नियंत्रण व उत्पादन गुणवत्ता इत्यादि के बारे में बताया। एसकेआरएयू के एसोसिएट प्रोफेसर कीट विज्ञान डॉ हनुमान लाल देशवाल व केवीके बीकानेर के कीट वैज्ञानिक डॉ केशव मेहरा ने कपास में कीटों के प्रभाव एवं नियंत्रण उपायों के बारे में अवगत कराया। प्रो. भंवर देवी सिंह नाथावत ने कपास में लगने वाली विभिन्न एवं नियंत्रण तकनीकी के सन्दर्भ में जानकारी दी। राशि सीडस के ऐरिया मैनेजर सन्तोष के नायक ने बी.टी. कपास में गुलाबी सुण्डी प्रबन्धन पर व्याख्यान दिया। प्रशिक्षण में बीकानेर के कृषि विस्तार, उद्यानिकी, आत्मा, सिचिंत क्षेत्र विकास, मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला आदि के अधिकारी उपस्थित हुए। कार्यशाला में कृषि विभागीय अधिकारियों के साथ साथ 100 से अधिक प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे। कार्यशाला में कृषि विभागीय अधिकारी यशवन्ती, भैरा राम गोदारा, रघुवर दयाल, राजूराम डोगीवाल, सुभाष विश्नोई, ममता, मीनाक्षी, संगीता, कविता, मामराज, अब्दुल अमीन, महेन्द्र प्रताप, प्रदीप चौधरी, ओमप्रकाश तर्ड, धन्नाराम बेरड़ इत्यादि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कृषि अधिकारी मुकेश गहलोत ने किया।

### हर घर तिरंगा की शपथ दिलाई



**गंगानगर में 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के तहत तिरंगा सम्मान की शपथ दिलाई।**

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा और राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश में आजादी का अमृत महोत्वस के अंतर्गत चलाये जा रहे हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय श्रीगंगानगर में सम्मान तिरंगा शपथ दिलाई गई। इस दौरान महिलाओं और अधिकारियों-कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक शपथ लेते हुए ध्वज संहिता का पालन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक अनिल कुमार शाक्य द्वारा उपस्थितजनों को सम्मान तिरंगा शपथ ली। मैं राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने के लिये भारत के ध्वज संहिता का पालन करूंगा की शपथ दिलवाई गई। इससे पूर्व कार्यालय स्टाफ सहित महिलाओं द्वारा तिरंगा कैनवास पर हस्ताक्षर भी किये गये। इस अवसर पर सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी रामकुमार राजपुरोहित, ज्योति, वरिष्ठ सहायक रमनदीप सिंह, सूचना सहायक विक्रम सिंह गिल, राजेश सोलंकी, रिचा, राजवीर, सुरेश,, सीता स्वामी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

### कलेक्टर 16 को करेंगे जनसुनवाई

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। राज्य सरकार द्वारा जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। एडीएम प्रशासन वीरेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि जिला स्तर पर आमजन की परिवेदनाओं के संबंध में जनसुनवाई और जिला सतर्कता समिति की बैठक जिला कलेक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में 16 अगस्त गुरूवार को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट श्रीगंगानगर के वीसी कक्ष में रखी गई है। जनसुनवाई में परिवादियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र, सतर्कता समिति में दर्ज प्रकरण एवं राजस्थान सम्पर्क पोर्टल की विस्तृत समीक्षा के साथ त्रिस्तरीय जनसुनवाई के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की जायेगी। वहीं स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व के समारोहपूर्वक आयोजन को लेकर मंगलवार को जिला कलेक्टर लोकबंधु ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय के खेल मैदान पहुंचकर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये।

## सीवर के शोधित पानी से रेतीले धोरों ने ओढी हरियाली की चादर

- **सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के पानी को शोधित कर कृषि, पौधों को पनपाने व घास उगाने के काम में लिया जा रहा है**
- **आज एसटीपी से शोधित पानी से सैकड़ों बीघा भूमि पर हजारों पौधे पनप रहे हैं, दर्जनों बीघा भूमि पर पशुओं के लिए घास उगाई जा रही है**

**बीकानेर,**(कासं)। सीवर लाइनों में बहने वाला गंदा पानी अब नासूर नहीं उपयोगी साबित हो रहा है। शहर के आस- पास के गोचर व रेतीली जमीन को हरियाली से आच्छादित करने में काम आ रहा है।

सीवर लाइनों से पंपिंग स्टेशन तक व यहां से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पहुंच रहे इस पानी को शोधित कर कृषि, पौधों को पनपाने व घास उगाने के काम में लिया जा रहा है। इस शोधित पानी ने गोचर, रेतीली जमीन की सूरत बदलने में अहम भूमिका निभाई है। आज एसटीपी से शोधित पानी से सैकड़ों बीघा भूमि पर हजारों पौधे पनप रहे हैं। दर्जनों बीघा भूमि पर पशुओं के लिए घास उगाई जा रही है।

शहर में बल्लभ गार्डन, सुजानदेसर कालीमाता मंदिर के पास और सरह नथानिया क्षेत्र तीन स्थानों पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट है। यहां से शोधित होकर निकल रहा पानी मरूस्थलीय क्षेत्र में पौधे पनपाने और घास उगाने में मददगार साबित हो रहा है। जानकारों के अनुसार गोचर की करीब ढाई सौ बीघा भूमि पर पौधे व घास लग चुकी है। वर्तमान में प्रतिदिन करीब 70 हजार पौधों को एसटीपी से शोधित पानी मिल रहा है। शहर के तीनों एसटीपी की कुल क्षमता 72 एमएलडी पानी रोज शोधित करने की है। इनमें बल्लभ गार्डन एसटीपी की क्षमता 40 एमएलडी, सुजानदेसर एसटीपी की 20 एमएलडी और सरह नथानिया एसटीपी की 12 एमएलडी है। निगम अधिकारियों के अनुसार तीनों एसटीपी से रोज लगभग 38 एमएलडी पानी शोधित हो रहा है। इनमें से अधिकतर पानी का उपयोग पौधे पनपाने और घास उगाने में हो रहा है। सुजानदेसर गोचर में तैयार हो रहे नगर निगम व नगर विकास न्यास के सिटी फॉरेस्ट में एसटीपी से शोधित पानी से वर्तमान में हजारों पौधे पनप रहे हैं। यहां निगम व न्यास की ओर से एक-एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य है। अब तक 50 हजार से अधिक पौधे गोचर क्षेत्र में लग चुके हैं। वन विभाग की ओर से यहां सघन पौधरोपण करवाया हुआ है।

एसटीपी से करीब चार किमी लम्बी लाइनों से शोधित पानी की सप्लाई हो रही है। विभिन्न तरह की घास भी इस पानी से पनप रही है। बल्लभ गार्डन व सुजानदेसर एसटीपी परिसर सहित निगम गौशाला परिसर में शोधित पानी से पौधे व दूब पनप रही है। निगम ने बल्लभ गार्डन एसटीपी से शोधित हो रहे पानी में से रोज 8 एमएलडी पानी निजी फर्म को देने का एमओयू भी कर रखा है।

## अफसर-पत्रकारों का क्रिकेट मैत्री मैच कल

**हनुमानगढ़,**(कासं)। 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह जिले भर में धूमधाम से मनाया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दोपहर बाद पत्रकारों और प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य क्रिकेट के मैत्री मैच का आयोजन किया जायेगा। मैत्री मैच में विजेता टीम को ट्रॉफी से सम्मानित किया जायेगा।

गणतंत्र और स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पत्रकारों और प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए प्रत्येक वर्ष मैत्री मैच का आयोजन किया जाता है। जिला स्तरीय समारोह टाउन के राजकीय एनएमपीजी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह की शुरुआत सुबह 9 बजे मुख्य अतिथि के ध्वजारोहण से होगी। जिला कलेक्टर कानाराम ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व के मौके पर कार्यक्रम में जनसहभागिता बढ़ाए, विभिन्न संस्थाओं को भी आमंत्रित किया जाए। स्वतंत्रता दिवस पर सुबह 8 बजे कलक्टर आवास पर, सुबह 8.15 बजे कलेक्ट्रेट में जिला कलेक्टर द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। सुबह 7.45 बजे सभी कार्यालयों पर झंडारोहण होगा।

## खाद्य सुरक्षा योजना में अब जुड़ेंगे नाम

- **अब लंबित आवेदनों को होगा निस्तारण, पुत्र वधुओं और बच्चों के नाम भी होंगे शामिल**

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत राशन कार्डों में नाम जुड़वाने के लिए लंबित पड़े आवेदनों के निस्तारण के संबंध में दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के उपायुक्त एवं उपशासन सचिव ने नाम जुड़वाने के लिए प्राप्त आवेदनों के निस्तारण करने के लिए पोर्टल पर आवश्यक प्रावधान करने के निर्देश दिए हैं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राज्य सरकार ने 27.9.2018 को अधिसूचना जारी कर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के अंतर्गत नाम जोड़ने एवं हटाने के मापदण्ड निर्धारित किए थे। उस समय प्रदेश भर में पात्र लोगों ने राशन कार्डों में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन किए थे। लेकिन बाद में नाम जोड़ने के काम पर रोक लगा दी गई।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने लंबित आवेदनों का निस्तारण करने के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए हैं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोड़ने के लिए प्राप्त आवेदनों की जांच एवं समयबद्ध निस्तारण के कार्य का प्रभावी पर्यवेक्षण जिला कलेक्टर करेंगे। इस कार्य के लिए जिले में कार्यरत राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी जैसे सहायक कलेक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट या अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी आदि का सहयोग लिया जा सकेगा। आवेदन पत्रों के निस्तारण के लिए संबंधित क्षेत्र के उपखंड अधिकारी अपने क्षेत्र के प्राधिकृत अधिकारी होंगे। श्रीगंगानगर जिले के पांच ब्लॉकों में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत जनवरी 2022 से अगस्त 2024 तक 13 हजार 189 आवेदन लंबित हैं। इनमें ग्रामीण क्षेत्र के 12423 तथा शहरी क्षेत्र के 766 आवेदन शामिल हैं। इस योजना में कुल 28612 आवेदन मिले। इनमें से 15019 स्वीकृत हुए।

## प्रसूता की मौत पर एस.पी. कार्यालय पर प्रदर्शन

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। शहर के निजी अस्पताल में महावीर कॉलोनी की महिला की प्रसव के दौरान मौत का मामला ठंडा नहीं पड़ा है। मृतका प्रिया के परिजनों और विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर प्रदर्शन कर प्रसव के दौरान और उसके बाद उपचार में लापरवाही बरतने पर डॉ. सुनीता सिहाग के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने तथा उसका चिकित्सकीय लाइसेंस रद्द करने की मांग की।

प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई। प्रदर्शनकारी महिला चिकित्सक पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे थे। प्रदर्शन के बाद विभिन्न संगठनों का प्रतिनिधिमंडल जिला पुलिस अधीक्षक से मिला और उन्हें चार सूत्री मागों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर निष्पक्ष जांच करने, डॉ. सुनीता सिहाग का लाइसेंस रद्द करने, हॉस्पीटल के बाहर, भीतर और ऑपरेशन थियेटर में लगे सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट की प्रति उपलब्ध कराने की मांग की गई है। परिजनों का आरोप है कि प्रसव के दौरान और उसके बाद उपचार में लापरवाही बरतने से 8 अगस्त को प्रिया की मौत हो गई थी। वह सिहाग के हॉस्पिटल में भर्ती थी।

## शिविर में 105 मरीज लाभान्वित

**हनुमानगढ़,** (कासं)। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला मानसिक स्वास्थ्य इकाई हनुमानगढ़ ने सीएचसी संगरिया में नशा मुक्ति एवं मनोरोग शिविर लगाया।

जिला नोडल अधिकारी तथा मानसिक रोग एवं नशा मुक्ति विशेषज्ञ डॉ. ओ. पी. सोलंकी ने रोगियों की जांच कर उनको परामर्श व दवा दी। डॉ. सोलंकी ने रोगियों को महीने के प्रथम शुक्रवार को लगने वाले मानसिक स्वास्थ्य कैम्प एवं इसमें दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। शिविर में 105 मरीजों का उपचार कर दवा तथा परामर्श दिया गया। शिविर में एनसीडी काउंसलर कंवलजीत सिंह, वार्ड सहायक मीनाक्षी मौजूद थे।

## दाना मेथी व अश्वगंधा के निर्यात में बीकानेर का योगदान बढ़ा

**बीकानेर,**(कासं)। अब बीकानेर भी देश-प्रदेश ही नहीं दुनिया में अपने उत्पादों की बेहतरीन गुणवत्ता के लिए ब्रांड बनकर उभरा है। कुछ मामलों में तो यह दुनियां में खास मुकाम हासिल कर चुका है। निर्यात अब नमकीन और मिठाई तक ही सीमित नहीं रहा। यहां से मूंगफली गोटा के साथ दो-तीन साल से मूंगफली तेल का निर्यात भी तेजी से बढ़ा है।

कुल मिलाकर तकरीबन 20 प्रकार के प्रमुख उत्पादों का दुनियां के 25 से ज्यादा देशों में निर्यात हो रहा है। निर्यात का सालाना कारोबार करीबन एक हजार करोड़ रूपए से भी ज्यादा का है। शुष्क और रेतीले इलाके में औषधीय गुण वाले तीन ऐसे उत्पाद हैं, जो साल 2024 की दुनियां की टॉप 25 की सूची में शामिल हैं। ये हैं गोखरू, अश्वगंधा और मेथी। इनमें गोखरू बीकानेर और श्रीगंगानगर जिले में खरपतवार के रूप में बहुतायत में उगता है। इसे किसान एकत्रित कर अतिरिक्त आय का जरिया बना रहे हैं। वहीं अश्वगंधा की खेती बीकानेर और नागौर से लगते इलाके में लोग करने लगे हैं। नागौर और इससे लगते बीकानेर क्षेत्र की दाना मेथी की तो दुनियां में धाक है। यह तीनों ही औषधीय गुण वाले पौधे हैं। दुनियां भर में कोविड के बाद से इनकी मांग तेजी से बढ़ी है। अश्वगंधा इम्यूनिटी, स्टेमिना बढ़ाने और नींद बेहतर करने वाले औषधीय गुण रखता है। इसके निर्यात की ग्रोथ रेट 20-25 प्रतिशत तक है। इसी तरह गोखरू किसानों की अतिरिक्त आमदनी वाला खरपतवार है। इसकी ग्रोथ भी 15-17 प्रतिशत है। इसका कांटा 45 से 65 रुपए प्रति किलो तक के रेट पर मिलता है। टेस्टोस्टरोन बढ़ाने और औषधि में उपयोग किया जाता है। यह बीकानेर, श्रीगंगागनर में सर्वाधिक है।

## अपने घर पर तिरंगा फहराये तथा उसकी सेल्फी लेकर अपलोड करें : कुलपति

**बीकानेर,**(कासं)। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय में 13-15 अगस्त की अवधि में 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित द्वारा किया गया।

इस अवसर पर कुलपति ने विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने आव्हान किया कि वे अपने घर पर तिरंगा फहराये तथा उसकी सेल्फी लेकर 'सेल्फी विद तिरंगा' को वेबसाइट पर अपलोड किया जाए। कुलपति ने निर्देश प्रदान किये कि विश्वविद्यालय परिसर के प्रत्येक भवन में तिरंगा फहराया जाए। कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों से आग्रह किया कि वे महाविद्यालय परिसर में तिरंगा फहराये तथा अध्ययनरत विद्यार्थियों को भी अपने घरों पर तिरंगा फहराने हेतु प्रेरित करें।



**महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने 'हर घर तिरंगा' अभियान का शुभारंभ किया।**

इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलसचिव हरिसिंह मीना, अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन डॉ. दुलीचंद मीणा, प्रो. पंकज गुप्ता, कार्यकारी निदेशक, ओ. पी. जिन्दल ग्लोबल यूनिवर्सिटी तथा विश्वविद्यालय के अतिरिक्त कुलसचिव डॉ. बिट्ठल बिस्सा उपस्थित थे। कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित एवं बीकानेर प्रौढ़ शिक्षण समिति द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान, बीकानेर द्वारा उप नगर गंगाशहर में संचालित कौशल केन्द्र पर हर घर तिरंगा के तहत प्रशिक्षणार्थियों को तिरंगा वितरण

- **घर तिरंगा अभियान के तहत प्रशिक्षणार्थियों को तिरंगा वितरित**

कार्यक्रम में बोलते हुए कार्यक्रम अधिकारी महेश उपाध्याय ने आजादी में जिन योद्धाओं का योगदान था। उनका जिक्र करते हुए कहा कि हमें अपने आजाद देश से प्रेम करना चाहिए और इस आजादी को बचाए रखने में सहयोग करना चाहिए।

सहायक कार्यक्रम अधिकारी उमाशंकर आचार्य ने कहा कि हमें अपने घर पर तिरंगे को बहुत ही सम्मान के साथ लगाना चाहिए और हमें इस पर गर्व होना चाहिए।

कार्यक्रम में अतिथियों के कर कमलों से तिरंगा वितरित किया गया। गंगाशहर के इस मौहल्ले में हर घर तिरंगा के नारे लगाते हुए रैली भी निकाली गई।

## विभाजन विभीषिका प्रदर्शनी 15 अगस्त तक खुली रहेगी

**बीकानेर,**(कासं)। भारतीय स्टेट बैंक की पब्लिक पार्क शाखा में ऐतिहासिक महत्व की विभाजन विभीषिका प्रदर्शनी का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। प्रदर्शनी 15 अगस्त तक आमजन के अवलोकनार्थ खुली रहेगी। प्रदर्शनी का उद्घाटन बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानन्द व्यास ने किया।

इस अवसर पर विधायक व्यास ने कहा कि प्रदर्शनी विभाजन के इतिहास को समझने और इससे सीखने का माध्यम है। इससे युवा पीढ़ी को विभाजन काल की प्रतिकूलताओं की जानकारी मिलेगी। अधिक से अधिक लोग इसका अवलोकन करें। उन्होंने कहा किअसंख्य देशभक्तों के सर्वोच्च बलिदान के बाद हमें आजादी मिली। हमें ऐसे महान देशभक्तों के प्रति कृतज्ञता अर्पित करनी चाहिए।

इससे पहले एसबीआई के सहायक महाप्रबंधक राजेंद्र गोयल, राजेंद्र तुतलानी, अजीत खरबंदा, जिला अग्रणी बैंक के मुख्य प्रबंधक यदुनंदन नारायण व्यास, शाखा प्रबन्धक पब्लिक पार्क महेंद्र मीणा और संपर्क अधिकारी



**विधायक जेठानंद व्यास ने विभाजन विभीषिका प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।**

कर्णपाल सिंह ने पुष्प गुच्छ भेंट कर विधायक व्यास का स्वागत किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सहायक निदेशक जनसंपर्क हरिशंकर आचार्य थे। अग्रणी जिला बैंक के मुख्य प्रबन्धक यदुनंदन नारायण व्यास ने बताया कि प्रदर्शनी में विभाजन की त्रासदी और इसके दुष्परिणामों को दर्शाने वाले फोटोग्राफ शामिल किए गए हैं। अग्रणी जिला बैंक अधिकारी कृष्ण कुमार ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालर्न कपिल पुरोहित ने किया।